आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–23 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिर्जापुर में सात सौ पैंसठ करोड़ रुपये की एक सौ सत्ताइस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट का वितरण किया। साथ ही मत्स्य आहार प्लांट की स्थापना के लिए पहली किस्त के रूप में लगभग चार करोड़ का चेक भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल का भी बटन दबाकर शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दस वर्ष में बदलते भारत, साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश और मिर्जापुर को सभी ने देखा होगा। अब यहां मां विंध्यवासिनी का पावन धाम दिव्य–भव्य रूप ले चुका है। मिर्जापुर के पास भी मेडिकल कॉलेज है और यहां मां विंध्यवासिनी के नाम पर विश्वविद्यालय बनने जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, आशीष पटेल, रवींद्र जायसवाल, रामकेश निषाद, भदोही सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मिर्जापुर दौरे पर मुख्यमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन–पूजन और विन्ध्य कॉरिडोर का निरीक्षण भी किया।

****

सुल्तानपुर में एक आभूषण की दुकान में बीते दिनों हुयी डकैती के मामले में वांछित अभियुक्त अनुज सिंह की उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ के साथ हुयी मुठभेड़ में मौत हो गयी। यह मुठभेड़ आज तड़के उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में हुई, जिसमें एक बदमाश भाग निकला जबकि एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में घायल अनुज सिंह को सरकारी अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुल्तानपुर डकैती कांड में एक बदमाश पहले ही पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

****

महराजगंज जिले में नगर क्षेत्र स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आज शिविर लगाकर साठ वर्ष से अधिक आयु के मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। साथ ही दवाओं का मुफ्त वितरण भी किया गया। शिविर का उद्घाटन केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों को केन्द्र और राज्य सरकार की तरफ से स्वास्थ्य के क्षेत्र में चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

****

आयुष्मान भारत योजना के आज छः साल पूरे हो गये हैं। आज ही के दिन वर्ष दो हजार अट्ठारह में झारखण्ड की राजधानी रांची से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में चार करोड़ तिरासी लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्राथमिक या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

****

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन पच्चीस से उन्तीस सितम्बर तक इण्डिया एक्सपो सेंटर एण्ड मॉर्ट ग्रेटर नोएडा में किया जायेगा। इस सम्बन्ध में प्रदेश के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने आज बताया कि ट्रेड शो में नौ विशिष्ट कौशलों का सजीव प्रदर्शन किया जायेगा। इस आयोजन के जरिये देश और दुनिया के आगंतुक और व्यापारी उत्तर प्रदेश के हुनर और उद्यम को करीब से देख पायेंगे।

****

वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का छियालीसवां दीक्षांत समारोह पच्चीस सितम्बर को आयोजित होगा। कुलपति आनंद कुमार त्यागी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में दो उत्कृष्ट खिलाड़ियों सहित अट्ठारह विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा संतानबे हजार तीन सौ पचास विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक आर.के. त्यागी मौजूद रहेंगे।

****

कुशीनगर जिले में नवीन उद्यान रोपण कार्यक्रम के तहत आम, अमरूद और लीची की बागवानी करने वाले किसानों को उद्यान विभाग की ओर से बागवानी खर्च का 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि कुशीनगर में 277 किसानों ने बागवानी के लिए पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि एक किसान एक बीघा से चार हेक्टेयर तक बाग लगाकर योजना का लाभ ले सकता है।

****

जौनपुर जिले में बदलापुर थाना क्षेत्र के मिरसादपुर गांव स्थित फोरलेन हाइवे के फ्लाइओवर पर आज सुबह तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से पैदल जा रहे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों मिरसादपुर गांव के रहने वाले थे और मजदूरी करते थे।

****

कुशीनगर जिले की पुलिस ने जाली नोटों के कारोबार से जुड़े गिरोह का खुलासा कर दस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि अभियुक्तों के पास से पांच लाख बासठ हजार के जाली नोट, एक लाख दस हजार नकद और नेपाली नोट बरामद किए गए हैं। उनके कब्जे से दस तमंचे, बड़ी संख्या में कारतूस, सुतली देसी बम आदि भी बरामद किया गया है।

****